जनपद कासगंज के विकास खण्ड सोरों की ग्राम पंचायत शाहपुर माफी में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट के सिविल कार्य का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा शासनादेश के अनुसार मशीनों को क्रय किये जाने का आदेश दिया गया है। ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर प्रत्येक सप्ताह आस–पास के आर0आर0सी0 सेन्टर में प्लास्टिक एकत्रित करायी जायेगी तदोपरान्त आर0आर0सी0 सेन्टर के माध्यम से ग्राम पंचायत शाहपुर माफी विकास खण्ड सोरों की प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट में लाकर धुलाई एवं कटाई का कार्य कराया जायेगा और मार्केट में विक्रय किया जायेगा तथा कटिंग की गयी प्लास्टिक को रोड निर्माण में भी प्रयोग किया जायेगा। जिससे ग्राम पंचायत सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त हो सकेगी।